# प्रशासन गांव के संग अभियान वर्ष – 2021

## न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्डाधिकारी (राजस्व) नोहर

पीठासीन अधिकारी का नाम : श्वेता कोचर (आर0ए0एस0)

वाद सं0 : 798 सन 2021

अनवान :–

1. सन्तलाल पुत्र अभयराम जाति जाट निवासी पदमपुरा तहसील नोहर जिला हनुमानगढ़।

वादी

बनाम

1. दलीप कुमार पुत्र अभयराम जाति जाट निवासी पदमपुरा तहसील नोहर।
2. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार राजस्व नोहर जिला हनुमानगढ़।

प्रतिवादीगण

**राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 की धारा 88**

उपस्थित : श्री मांगेराम गोदारा अधिवक्ता वादी

पेरोकार राज

**निर्णय दिनांक :– 07.12.2021**

संक्षेप में तथ्य इस प्रकार से है कि वादी ने जरिये अधिवक्ता यह वाद अन्तर्गत राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 की धारा 88 के तहत इस आश्य का पेश किया गया की रोही मौजा चक 20 एनटीआर के खाता संख्या 120/115 की कुल 3.0360हैक भूमि दर्ज है जिसमें वादी एव प्रतिवादी संख्या 1 दोनो 1/3 ,1/3 हिस्सा के मुश्तरका खातेदार काश्तकार है।

वादी भूमि पूर्व में वादी एव प्रतिवादी संख्या 1 पूर्वज अभयराम के नाम से दर्ज थी जो बाहमी बटवारा में वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 को प्राप्त हुई है जो वर्तमान राजस्व रिकार्ड में सयुक्त खाते में दर्ज है।

वादी एव प्रतिवादी संख्या 1 दोनो एक ही परिवार के सदस्य है वादी एव प्रतिवादी संख्या 1 ने भूमि काश्त एव सिचाई सुविधा एवं आवागमन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए वाद भूमि का आपसी सहमति से बाहमी बटवारा कर लिया वादी एव प्रतिवादी संख्या 1 के बाहमी बटवारा में वाद भूमि वादी के हिस्से में आई जो वादी काश्त करता आ रहा है एव प्रतिवादी संख्या 1 को बाहमी बटवारा में अन्य चक में भूमि प्राप्त हुई जो वह काश्त करता आ रहा हे व अपने नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवा ली है वाद भूमि बाहमी बटवारा के अनुसार वाद भूमि काश्त करता आ रहा है जिसे राजस्व रिकार्ड में अपने नाम से दर्ज करवा पाने के अधिकारी है।

वादी ने प्रतिवादी संख्या 1 को कई मर्तबा कहा की वादी के हक हिस्सा की भूमि को उनके नाम से राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवा देवे तो कुछ दिनों तक तो आज कल आज कल करते रहे किन्तु अन्त में इन्कार हो गये इसलिये यह वाद पेश किया गया है।

अतः वादी का वाद डिक्री किया जाकर घोषणा की जावे की वादी एव प्रतिवादी संख्या 1 के बाहमी बटवारा में वाद भूमि वादी का प्राप्त हुई है इसलिये वादी के हक हिस्सा की भूमि है जिसे अपने बाहमी बटवारा के अनुसार राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवा पाने के अधिकारी है। वादी का वाद डिक्री फरमाया जावे।

वादी का वाद प्रस्तुत होने पर दर्ज रजिस्टर किया जाकर प्रतिवादीगण को जरिये सम्मन तलब किया गया प्रतिवादी संख्या 1 जरिये अधिवक्ता न्यायालय में उपस्थित आकर वादी के वाद को स्वीकार करते हुए ईकबाल दावा पेश किया जाकर प्रतिवादी संख्या 1 ने निवेदन किया की वादी एव प्रतिवादी संख्या 1 दोनो एक ही परिवार के सदस्य है जिन्होने आपसी सहमति से वाद भूमि का बाहमी बटवारा किया हुआ है बाहमी बटवारा में वाद भूमि वादी को प्राप्त हुई थी जो वादी के कब्जा काश्त मे है एवं वाद भूमि के हक हिस्सा की भूमि है जिसे वादी के नाम से राजस्व रिकार्ड में दर्ज की जाती है तो किसी प्रकार का ऐतराज नही है व अपने कथनो के समर्थन में ईकबाला दावा पेश किया गया। शामिल मिसल किया एवं पेरोकार राज ने निवेदन किया की वादी के द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य सबुतों एवं मजमें आम की सहमति/जानकारी के आधार पर वाद का निस्तारण फरमावे।

प्रकरण में प्रतिवादीगण का ईकबाल/आपसी सहमति मजमे आम में होने के कारण अन्य किसी कार्यवाही की आवश्यकता नही रही।

पत्रावली प्रशासन गांव के संग अभियान – वर्ष –2021 कैम्प कोर्ट में पेश हुई वादी के अधिवक्ता ने निवेदन किया की प्रकरण में उभयपक्षों की सहमति पेश हो चुकी है अर्थात वादी के वाद को प्रतिवादी संख्या 1 ने स्वीकार किया जाकर ईकबाल/सहमति पेश किया जा चुका है अर्थात वादी के वाद के सम्बध में कोई ऐतराज नही है तथा अपने कथनों के सम्बध में न्यायिक दृष्टान्त आर.बी.जे. 1998 पेज 615 एवं आरआरडी वर्ष 1998 पेज 646 प्रस्तुत कर निवेदन किया की कोई भी खातेदार काश्तकार आपसी सहमति /राजीनामा के आधार पर अपने हकों को स्थानान्तरण कर सकता है अतः वादी का वाद न्यायिक दृष्टान्तों एवं आपसी सहमति /मजमे आम की सहमति /जानकारी के आधार पर वाद वादी डिक्री फरमाया जावे।

उपखण्ड अधिकारी नोहर

Scanned with CamScanner

हमने उभयपक्षो को सुना पत्रावली का अवलोकन किया प्रस्तुत रिकार्ड के अनुसार रोही मौजा चक 20 एनटीआर के खाता संख्या 120/115 की कुल 3.0360हैक्‍ भूमि दर्ज है जिसमें वादी एव प्रतिवादी संख्या 1 दोनो 1/3 ,1/3 हिस्सा के मुश्तरका खातेदार काश्तकार है।

वादी का कथन है कि वादी एव प्रतिवादी संख्या 1 ने भूमि काश्त एव सिचाई सुविधा एवं आवागमन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए वाद भूमि का आपसी सहमति से बाहमी बटवारा कर लिया था वादी एव प्रतिवादी संख्या 1 के बाहमी बटवारा में वाद भूमि वादी को प्राप्त हुई थी जिसे अपने नाम से राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवाना चाहते है वादी के कथनो को प्रतिवादी संख्या 1 ने स्वीकार किया जाकर ईकबाल पेश किया जाकर निवेदन किया की वाद भूमि वादी एव प्रतिवादी संख्या 1 के बाहमी बटवारा में वादी को प्राप्त हुई है वाद भूमि वादी के हक हिस्सा की भूमि है जिसे वादी के नाम से राजस्व रिकार्ड में दर्ज की जाती है तो किसी प्रकार का ऐतराज नही है व अपने कथनो के समर्थन में इकबाल पेश किया जा चुका है ।

वादी के वाद को प्रतिवादीगण के द्वारा स्वीकार करने एवं वादी के द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य सबुत एवं न्यायायिक दृष्टान्तों जो प्रकरण पर चस्पा होते है के आधार पर वाद वादी सावित होने के कारण काबिल डिक्री है

अतः वादी के वादी को प्रतिवादी संख्या 1 के द्वारा वादी के वाद को स्वीकार करने एवं पैरोकार राज का किसी प्रकार का ऐजराज नही होने एवं वादी के द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य सबुतो एवं न्यायायिक दृष्टान्तों के आधार पर वाद वादी साबित होने के कारण डिक्री किया जाकर घोषणा की जाती है कि रोही मौजा चक 20 एनटीआर के खाता संख्या 120/115 की कुल 3.0360हैक्‍ भूमि दर्ज है जिसमें वादी एव प्रतिवादी संख्या 1 दोनो 1/3 ,1/3 हिस्सा के मुश्तरका खातेदार काश्तकार है में प्रतिवादी संख्या 1 का नाम कलमजन किया जाकर वादी को खातेदार काश्तकार घोषित किया जाता है इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड में अंकन किया जावे। यदि भूमि बैंक के रहन हो तो बाद रहनमुक्त राजस्व रिकार्ड में अंकन किया जावे व्यय वाद उभयपक्ष अपना अपना वहन करेगे। इसी आश्य की पर्चा डिक्री जारी की जाकर शामिल मिसल की गई पत्रावली नम्बर से कम की जाकर बाद तरतीब तकमील जाब्ता दाखिल दफ्तर हो ।

निर्णय आज दिनांक 07.12.2021को प्रशासन गावं कें संग अभियान वर्ष – 2021 मेरे द्वारा लिखाया जाकर सुनाया गया ।

उपखण्ड अधिकारी (राजस्व )
नोहर (हनुमानगढ )
प्रशासन गांव के संग अभियान वर्ष– 2021
कैम्प कोर्ट... .परलीका

Scanned with CamScanner

**प्रशासन गांव के संग अभियान वर्ष – 2021**

**पर्चा डिक्री**

( आर्डर 20, रूल 6–7 जाब्ता दिवानी )

**न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी नोहर**

अनवान :–

1. सन्तलाल पुत्र अभयराम जाति जाट निवासी पदमपुरा तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।

वादी

बनाम

1 दलीप कुमार पुत्र अभयराम जाति जाट निवासी पदमपुरा तहसील नोहर।
2. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार राजस्व नोहर जिला हनुमानगढ।

प्रतिवादीगण

**वाद अन्तर्गत धारा 88, राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955**
**राजस्व वाद संख्या 798 सन 2021 निर्णय दिनांक– 07.12.2021**

आज यह वाद प्रशासन गांव कं संग अभियान वर्ष – 2021 कैम्प कोर्ट में मुझ श्वेता कोचर उपखण्ड अधिकारी ( राजस्व ) नोहर के समक्ष उभयपक्षों की उपस्थिति में अंतिम निपटारे/ निर्णय हेतु प्रस्तुत होने पर वाद वादी साक्ष्य सबुतो एवं आपसी सहमति के आधार पर सावित होने के कारण वाद वादी डिक्री किया जाकर धोषणा की जाती है कि रोही मौजा चक 20 एनटीआर के खाता संख्या 120/115 की कुल 3.0360हैक भूमि दर्ज है जिसमें वादी एव प्रतिवादी संख्या 1 दोनो 1/3 ,1/3 हिस्सा के मुश्तरका खातेदार काश्तकार है में प्रतिवादी संख्या 1 का नाम कलमजन किया जाकर वादी को खातेदार काश्तकार घोषित किया जाता है इसी अनुसार राजरव रिकार्ड में अंकन किया जावे। यदि भूमि बैक के रहन हो तो वाद रहनमुक्त राजस्व रिकार्ड में अंकन किया जावे व्यय वाद उभयपक्ष अपना अपना वहन करेगे।

पर्चा डिक्री आज दिनांक 07.12.2021 को प्रशासन गावं के संग अभियान वर्ष – 2021 में मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय मुद्रा से जारी की गई ।

उपखण्ड अधिकारी ( राजस्व )
नोहर ( हनुमानगढ )
प्रशासन गांव के संग अभियान वर्ष– 2021
कैम्प कोर्ट....परलीका

Scanned with CamScanner